कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.09.2024

विषयः- थाना कैण्ट व एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध पिस्टल, कारतूस, मैगजीन व 04 अदद मोबाइल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट व एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक-06.09.2024 को समय करीब 03.40 बजे 5-सी रेलवे क्रासिंग गेट फुलवरिया थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से अभियुक्तगण 1. आशीष कुमार मौर्या पुत्र भइया राम मौर्या निवासी ग्राम शिवरामपुर थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी व 2. आकाश पटेल पुत्र महेन्द्र कुमार पटेल निवासी मड़वा रसूलपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद नाजायज देशी पिस्टल .32 बोर, 03 अदद मैगजीन, 06 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 अदद मिस फायर कारतूस .32 बोर, 03 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व 04 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0338/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त आशीष कुमार मौर्या उपरोक्त ने बताया कि मुझे पिस्टल रखने का शौक है इसीलिए अपने पास रखा था लेकिन आज आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। अभियुक्त आकाश पटेल उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि मैं आशीष के साथ रहता हू उसी के साथ काम करता हूं लेकिन आज आशीष के साथ आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. आशीष कुमार मौर्या पुत्र भइया राम मौर्या निवासी ग्राम शिवरामपुर थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष।
2. आकाश पटेल पुत्र महेन्द्र कुमार पटेल निवासी मड़वा रसूलपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-06.09.2024 समय करीब 03.40 बजे 5-सी रेलवे क्रासिंग गेट फुलवरिया थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद नाजायज देशी पिस्टल .32 बोर
2. 03 अदद मैगजीन
3. 06 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर
4. 01 अदद मिस फायर कारतूस .32 बोर
5. 03 अदद खोखा कारतूस .32 बोर
6. 04 अदद मोबाइल फोन

आपराधिक इतिहास-

आशीष मौर्या उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 0272/2024 धारा 303(2), 317(2), 317(5) थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0- 0478/2023 धारा 279, 304-A, 338 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0- 0338/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

आकाश पटेल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 0338/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

थाना कैण्ट पुलिस टीम	एस0ओ0जी0 टीम
1. उ0नि0 सुरेन्द्र शुक्ला 2. हे0कां0 बृजबिहारी ओझा 3. हे0का0 अखिलेश यादव 4. हे0का0 दुर्ग विजय थाना 5. कां0 सचिन मिश्रा	1. उ0नि0 मनीष मिश्रा प्रभारी SOG 2. हे0का0 प्रमोद कुमार सिंह 3. का0 आलोक कुमार मौर्या 4. का0 अंकित मिश्रा 5. का0 रमाशंकर 6. का0 मनीष बघेल

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।